रायगढ़, शुक्रवार, चैत्र शुक्ल 7
3.4.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

# साप्ताहिक न्याय साक्षी


अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।



## जल रहा है देश, चौतरफा मुश्किलों से घिरी मोदी सरकार





**नई दिल्ली।** केंद्र में सत्ताधारी मोदी सरकार को 4 साल हो चुके हैं. जैसे-जैसे 2019 के आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं सरकार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. विपक्षी तो सरकार से नाराज है हीं, लेकिन अब सहयोगी से लेकर समाज के बड़े तबके ने भी सड़कों पर उतरकर मोर्चा खोल दिया है.

आज की तारीख को ही देखा जाए तो सरकार विभिन्न मुद्दों पर घिरी हुई है. एक ओर S C/S T कानून में बदलाव के खिलाफ दलित संगठन सड़कों पर उतरे हुए हैं. वहीं पेट्रोल-डीजल के दामों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी पर भी सरकार के खिलाफ गुस्सा है. इसके अलावा पेपर लीक, कश्मीर में जवानों की शहादत, इराक में भारतीयों की हत्या, पीएनबी घोटाला, कावेरी विवाद और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग को लेकर संसद से सड़क तक सरकार से सवाल पूछे जा रहे हैं.

**सड़कों पर दलित संगठन**

एससी/ एसटी कानून में बदलाव के खिलाफ दलित संगठनों का देशव्यापी बंद जारी है. देश के अलग-अलग शहरों में दलित संगठन और उनके समर्थक प्रदर्शन कर रहे हैं. कई जगह ट्रेनें रोकी गई हैं. इसके अलावा कुछ शहरों में झड़प की घटनाएं भी सामने आई हैं. सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एससी/एसटी एक्ट में कई बदलाव हुए थे. केंद्र सरकार पर आरोप लग रहे हैं कि अदालत में इस मामले पर मजबूती से पक्ष नहीं रखा गया. हालांकि, सरकार ने अब इस मामले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल कर दी है.

**पेट्रोल-डीजल ने निकाला तेल**

पेट्रोल-डीजल के दामों में हुई बढ़ोतरी ने भी आम जनता से लेकर कारोबारियों की मुश्किल बढ़ा दी हैं. नए वित्त वर्ष की शुरुआत आम आदमी के लिए महंगाई के नए झटके के साथ हुई है. पहले ही दिन यानी 1 अप्रैल को पेट्रोल-डीजल के दामों में रिकॉर्ड उछाल ने आम आदमी पर महंगाई की दोहरी मार डाल दी. पेट्रोल की कीमतें चार साल में अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई जबकि डीजल ने जेब पर अब तक का सबसे बड़ा डाका डाल दिया. इस मुद्दे को लेकर जनता के मन में सरकार के खिलाफ रोष है.

**कश्मीर में जवानों की शहादत**

जम्मू कश्मीर के शोपियां में बीते दिन हुए एनकाउंटर में सेना के 3 जवान शहीद हो गए हैं. हालांकि ऑपरेशन में 11 आतंकियों को भी मार गिराया गया है. घाटी में जवानों की शहदात रुकने का नाम नहीं ले रही है, सरकार की तमाम कोशिश के बावजूद सीजफायर से लेकर आतंकी घुसपैठ लगातार बढ़ती जा रही है. इसे लेकर न सिर्फ जम्मू कश्मीर की आम जनता को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर भी सरकार की रणनीति पर सवाल उठ रहे हैं.

## अंतर्राष्ट्रीय खबरें

### केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की पुनर्विचार याचिका

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने एससी/एसटी ऐक्ट पर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर दी है। बीते 20 मार्च को सुप्रीम कोर्ट की ओर से एससी/एसटी ऐक्ट के तहत तत्काल गिरफ्तारी पर रोक लगाने और अग्रिम जमानत को मंजूरी दिए जाने के फैसले के खिलाफ यह याचिका दाखिल की गई है। शीर्ष अदालत के इस फैसले को तमाम दलित संगठनों समेत कई राजनीतिक दलों ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया था।

सरकार के फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हमारी सरकार दलितों एवं आदिवासियों के अधिकारों के प्रति संकल्पबद्ध है। कुछ लोग आंबेडकर के नाम पर राजनीति कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सम्मान देने का काम हम कर रहे हैं। आंबेडकर को भारत रत्न सम्मान भी बीजेपी के समर्थन वाली वीपी सिंह सरकार के दौर में ही मिला था। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, सबसे ज्यादा दलित एमपी बीजेपी के हैं। हमने आंबेडकर जी के स्मारक को स्थापित करने का काम किया।

### पत्नी की इजाजत बिना शारीरिक संबंध बनाना क्रूरता: गुजरात हाईकोर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** शादीशुदा ज़िंदगी से जुड़े एक मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. हाईकोर्ट का कहना है कि पत्नी की बिना इजाजत बनाए गए शारीरिक संबंध मैरिटल रेप की श्रेणी में आएंगे और इसके खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है.

डॉक्टर दंपत्ति के मामले में फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाना पति का अधिकार है लेकिन पत्नी की इजाजत लिए बगैर यह सब करना क्रूरता की श्रेणी में आता है. ऐसे मामलों में पति के खिलाफ स्त्री मर्यादा को लांछन लगाने की धाराओं के तहत कारवाही होगी. कोर्ट ने आगे कहा कि पत्नी के साथ किसी भी तरह के अप्राकृतिक सेक्स के संबंध में भी मामला दर्ज किया जा सकता है.

### भारत है नंबर 1 इंटरनेट के इस्तेमाल में , अमेरिका और चीन पिछड़े

**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 1 साल में 4जी स्मार्टफोन की बिक्री काफी बढ़ गई है जिससे इंटरनेट का प्रयोग भी काफी बढ़ गया है। कई विदेशी मोबाइल कंपनियों के लिए भारत ही मोबाइल का लॉन्चिंग पैड है क्यूंकि अब पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा इंटरनेट इस्तेमाल भारत में ही होता है। पिछले 1 साल में भारत में डाटा का इस्तेमाल 5 गुना तक बढ़ गया है। भारत में अब हर महीने लगभग 2.1 एक्साबाइट डाटा का इस्तेमाल होता है जो किसी भी अन्य देश से कहीं ज्यादा है। भारत में जियो की एंट्री ने इंटरनेट को एक नई गति और साथ ही डाटा की कीमतों को को भी काफी सस्ता कर दिया है। हालत यह है कि इंटरनेट डाटा की कीमत भारत में 12 रुपये प्रति जीबी से 5 रुपये प्रति जीबी हो गई है। डाटा की कीमतों में 60 प्रतिशत तक की कमी ने इसका उपयोग बढ़ा दिया है। देशभर में टॉप 4 टेलीकॉम ऑपरेटर्स द्वारा हो रहा डाटा का प्रयोग पिछले साल के मुकाबले 5 गुना हो गया है क्यूंकि डाटा सस्ता होने के कारण यूजर्स मोबाइल वीडियो खूब देख रहे हैं।

### दोस्ती के लिए लीक करवाया था सीबीएसई पेपर

**नई दिल्ली।** सीबीएसई पेपर लीक मामले में गिरफ्तार लोगों ने अपने अपराध को कबूल करते हुए कहा कि अपने दोस्त की मदद करने और कुछ रुपयों के लालच में उन्होंने यह काम किया। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। पुलिस के मुताबिक ऋषभ, रोहित और तौकीर पिछले पांच साल से एक-दूसरे को जानते थे। तौकीर इस मामले में तीसरा आरोपी है। तौकीर ने रोहित और ऋषभ से अपने स्टूडेंट्स की मदद करने के लिए 12वीं का सीबीएसई का इकनॉमिक्स का पेपर हासिल करने के लिए कहा।

### मध्य प्रदेश में FCI पेपर लीक, हिरासत में लिए गए 50 लोग

**भोपाल।** सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) के 10वीं गणित और 12वीं अर्थशास्त्र के पर्चे लीक होने का मामला अभी शांत नहीं हुआ कि अब मध्य प्रदेश में फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (स्न्नष्टद्व) की परीक्षा पेपर लीक होने का मामला सामने आया है. मध्य प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स (स्ञ्जस्न) रविवार को इस मामले की जांच के लिए 50 लोगों को हिरासत में लिया है.एसटीएफ ने पेपर लीक मामले में पूछताछ के लिए दो एजेंटों और 48 परीक्षार्थियों को हिरासत में लिया है. हाथ से लिखे परीक्षा पर्चे और आंसर शीट्स भी जब्त किए गए हैं, जिनके आधार पर आगे की जांच की जाएगी.

## इराक से 38 भारतीय मजदूरों के पार्थिव अवशेष लेकर विशेष विमान से पहुंचा अमृतसर!





**नई दिल्ली।** इराक के मोसुल में बंधक बना कर मार डाले गए 38 भारतीय मजदूरों के शव भारत आ गए हैं. विदेश राज्यमंत्री वीके सिंह विशेष विमान से शव लेकर अमृतसर पहुंच गए हैं. यहां शवों को लेने के लिए पंजाब सरकार के मंत्री भी पहुंचे हैं. बता दें कि इराक में जान गंवाने वालों में सबसे ज्यादा 27 लोग पंजाब के ही थे. इराक से रवाना होने से पहले विदेश राज्यमंत्री वीके सिंह ने आजतक को बताया कि 38 भारतीयों के शव उन्हें सौंप दिए गए हैं. वीके सिंह ने कहा, 'शव सौंपने के लिए इराकी सरकार का शुक्रिया अदा करता हूं. 38 लोगों के शव हमें मिल गए हैं, जबकि 39वें शव का डीएनए मैच किया जाना अभी बाकी है. ऐसा लगता है कि इनमें से ज्यादातर लोग आईएसआईएस आतंकियों की गोलियों का शिकार बने हैं.'

**अमृतसर के बाद कोलकाता**

अमृतसर के बाद विमान कोलकाता के लिए उड़ान भरेगा, जहां शाम 5.30 बजे पहुंचेगा. यहां से विमान सीधे पटना जाएगा और रात करीब 8.30 बजे यहां पहुंच जाएगा.

## कुवैत में भीषण सड़क हादसा, 15 की मौत



**कुवैत सिटी (आरएनएस)।** कुवैत में एक सड़क दुर्घटना में 15 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, कुवैत अग्निशमन सेवा निदेशालय (केएफएसडी) ने रविवार को बताया कि दुर्घटना उस वक्त हुई जब बुर्गन तेल क्षेत्र के पास अल-अर्ताल सड़क पर दो बसों की आपस में भिड़ंत हो गई।

कुवैत प्रशासन ने कहा कि घायलों को बचाने के लिए दमकलकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए।

## जेल में हुए दंगे, 6 पुलिसकर्मियों सहित एक व्यक्ति की मौत

**वेराक्रूज (आरएनएस)।** मैक्सिको के वेराक्रूज राज्य की एक जेल में खतरनाक कैदियों को दूसरी जगह ले जाने के विरोध में कैदियों ने परिसर में



आग लगा दी. जेल में आग लगने के बाद पूरी जेल में धुआ भर गया. धुएं के कारण दम घुटने से 6 पुलिसकर्मियों सहित कुल सात लोगों की मौत हो गई. वेराक्रूज के गवर्नर मिगुल एंजल युनस ने कहा कि घटना में मारे गये सातवें व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है कि वह कैदी था या जेल का सुरक्षाकर्मी.

**जेल से ही चलाते थे आपराधिक नेटवर्क**

युनस ने बताया कि चार बेहद खतरनाक कैदी जेल से ही आपराधिक नेटवर्क चलाते थे. इसलिए अधिकारियों ने उन्हें कड़ी सुरक्षा वाली संघीय जेल में भेजने का फैसला लिया था. गवर्नर ने कहा कि जब राज्य पुलिस और स्थानीय पुलिस का दल कैदियों को ले जाने जेल पहुंचे तो अन्य कैदियों ने उन पर हमला कर दिया और आग लगा दी, जिससे 6 पुलिसकर्मियों और एक अन्य व्यक्ति की धुएं में दम घुटने से मौत हो गई. उन्होंने कहा कि सातवें शव के शरीर पर वर्दी नहीं है. ऐसे में वह कैदी या जेल का सुरक्षाकर्मीकोई भी हो सकता है.

## टीवी एंकर ने छठी मंजिल से कूदकर दी जान



**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना में एक निजी टी वी चैनल की एंकर ने यहां मूसापेट स्थित छह मंजिली इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक टीवी एंकर राधिका (30) ने कल रात आत्महत्या कर ली। वह अपने पिता, भाई और बहन के साथ मूसापेट इलाके में रहती थी। पुलिस ने बताया राधिका छह माह पहले अपने पति से अलग हो गयी थी और इसके कारण वह मानसिक तनाव में रहती थी। उसने कल रात साढे 10 बजे कार्यालय से घर लौटने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक राधिका ऑफिस से काम खत्म कर घर लौटी। इसके बाद सीधे बिल्डिंग के पांचवें फ्लोर पर चली गई और वहां से छलांग लगा दी। राधिका के पिता ने मीडिया को बताया कि वो अपनी बेटी का इंतजार कर रहे थे। रात को करीब 10.30 पर उन्होंने जोर की आवाज सुनी। जिसके बाद बाहर जाकर देखा तो बेटी की डेडबॉडी पड़ी हुई थी।

## दिल्ली में सभी रेलवे स्टेशन, फायर सर्विस स्टेशनों पर हाई अलर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत बंद के दौरान विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर की जा रहीं तोड़फोड़ की घटनाओं को देखते हुए दिल्ली के सभी रेलवे स्टेशनों को हाई अलर्ट पर रखा गया है. इसके साथ




ही दिल्ली के सभी फायर सर्विस स्टेशनों में भी हाई अलर्ट की घोषणा की है. दिल्ली पुलिस का कहना है कि दिल्ली के सभी रेलवे स्टेशनों की सीमा के किसी भी हिस्से में प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है. अगर कोई कानून का पालन नही करेगा तो सख्त एक्शन लिया जाएगा. वहीं फायर सर्विस स्टेशनों को किसी भी आगजनी की घटना से निपटने के लिए सचेत किया गया है. बता दें कि एससी/एसटी एक्ट में बदलाव के खिलाफ दलित जन आंदोलन चरम पर है. देशभर में आगजनी, बसों में तोड़फोड़, सड़कों पर प्रदर्शन की घटनाएं हो रही हैं. कई शहरों में प्रदर्शन हिंसक हो गया है.

## 11वीं में कम नंबर आने पर सरपंच की बेटी ने गोली मारकर की खुदकुशी

**जींद (आरएनएस)।** हरियाणा में जींद के सिवाहा गांव के सरपंच की बेटी ने ग्यारहवीं में कम अंक मिलने पर आज पिता की गन से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि सिवाहा के सरपंच वेदपाल की बड़ी बेटी (उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है) अंजली पिल्लूखेड़ा के इंडस पब्लिक स्कूल की छात्रा थी। कल अंजली का 11वीं कक्षा का रिजल्ट आया था। इसमें उसके अच्छे नंबर नहीं आए जिससे वह परेशान थी।



वेदपाल ने पुलिस को बताया कि अंजली ने अगली बार अच्छे नंबर लाने की बात कही थी लेकिन आज सुबह जब वह किसी काम से दूसरे गांव में गए हुए थे तो अचानक अंजली ने उनके मोबाइल पर कॉल की और बोली- पापा जल्दी से जल्दी घर आ जाओ। उन्होंने बताया कि इतना कहकर अंजली ने फोन काट दिया। और उन्होंने दोबारा फोन किया लेकिन उसने नहीं उठाया। वेदपाल के अनुसार जब वह घर पहुंचे तो अंजली की लाश बाथरूम में पड़ी थी और लाश के निकट उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर भी पड़ी थी।

## सोमालिया में अल शबाब के 22 आतंकी ढेर

**कंपाला (आरएनएस)।** युगांडा की सेना द युगांडा पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (यूपीडीएफ) ने रविवार (1 अप्रैल) को अल शबाब के 22 आतंकवादी मार गिराए. समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने यूपीडीएफ के उप सैन्य प्रवक्ता कर्नल देओ अकीकी के बयान के हवाले से बताया,



सोमालिया में अफ्रीकी संघ मिशन (एएमआईएसओएम) के अंतर्गत सोमालिया में तैनात सेना ने आतंकवादियों को उस समय ढेर कर दिया जब वे सोमालिया के लोअर शेबेले क्षेत्र में क्यूरोयोल, बुलो मरीर और गोल्वेन स्थित एएमआईएसओएम के केंद्रों पर हमले करने का प्रयास कर रहे थे. बयान में कहा गया कि इस दौरान चार यूपीडीएफ सैनिकों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. अकीकी ने कहा, दो विस्फोटकों से लदे वाहनों समेत आतंकवादियों के आठ वाहनों को नष्ट कर दिया गया.

## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400